
HONDA

# GENERATOR

# EX2400/EX2400S



# OWNER'S MANUAL

# ग्राहक पुस्तिका

Honda Siel Power Products Limited

होण्डा सीएल पॉवर प्रोडक्ट्स लिमिटेड

# Honda EX2400/EX2400S

# ग्राहक पुस्तिका

ग्राहक पुस्तिका को हमेशा अपनें साथ रखें ताकि जरूरत के समय देखी जा सके। यह ग्राहक पुस्तिका जेनरेटर का स्थायी भाग माना जाता है इसलिए जेनरेटर के बिकने के बाद भी यह साथ रहनी चाहिये ।

इस प्रकाशन में शामिल जानकारी और विशिष्टताओं को मुद्रण के लिए अनुमोदन के समय में प्रभाव में थे । होण्डा सिएल पावर प्रोडक्ट्स लिमिटेड सूचना के बिना और किसी भी दायित्व उठाने के बिना किसी भी समय विशिष्टताओं या डिजाइन को बंद या परिवर्तित करने का हक़ रखता है ।

**होण्डा बिक्री डीलर**

नाम : ______________________________

पता : ______________________________

______________________________

दूरभाष नंबर : ______________________________

पी.आई.सी. तारीख : ______________________________

वारंटी वैधाता : ______________________________

उपयोग : वाणिज्यिक ☐ गैर वाणिज्यिक ☐ किराये हेतु ☐

# परिचय

विश्व स्तरीय जेनरेटर खरीदने पर हम आपको बधाई देते है । हमें विश्वास है कि आप विश्व में सबसे बढ़िया जेनरेटरों में से एक को खरीद के खुश रहेंगे ।

हम आपको अपने नए जेनरेटर से अच्छे परिणाम पाने के लिए और इसे सुरक्षित रुप से संचालित करने के लिए मदद करना चाहते हैं । कृपया जेनरेटर को सुचारू रूप से चलाने एवं सही रख-रखाव के लिए ग्राहक पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।

जैसे आप इस पुस्तिका को पड़ेंगे, आपको ध्यान रखें के प्रतीक से सूचित किया गया है । यह जानकारी आपको अपने जेनरेटर, अन्य संपत्ति, या पर्यावरण को नुकसान से बचाने के इरादे से दी गयी है ।

हम यह सुझाव देते हैं कि सुचारू रूप से जेनरेटर चलाने के लिए वांरटी नीति की सभी बातों को ध्यानपूर्वक पढ़ कर समझ लें ।

जेनरेटर के सही रख रखाव के लिए होण्डा जेनरेटर सेट, होण्डा के अधिकृत डीलर द्वारा ही ठीक करवाना चाहिए जो कि होण्डा द्वारा प्रशिक्षित है । आपका अधिकृत सर्विस डीलर आपकी संतुष्टि के लिए समर्पित है और आपकी सभी समस्याओं का उचित समाधान करने के लिए तत्पर है ।

हम आपके बहुमूल्य सुझाव और प्रतिक्रिया का स्वागत करते हैं।

कृपया, विपणन प्रबंधक को अपनी प्रतिक्रिया भेजें :

**होण्डा सीएल पॉवर प्रोडक्ट्स लिमिटेड**
दूरभाष नंबर : ०१२०–२३४१०५० से ५९ फैक्स : ०१२०–२३४१०७८ से ७९
ई–मेल : ho.mktg@hspp.com
कार्य समय : प्रात : ०८:१५ से सायं ०५:१५ बजे तक (सोम से शुक्र)

**अथवा**

सहायता के लिए हमारे ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क करें :

**टोल फ्री नंबर : १८०० ११ २३२३**
**कार्य समय : प्रात : ०९:०० से सायं ०६:०० बजे तक**
(सार्वजनिक छुट्टियों को छोड़कर सोमवार से रविवार तक उपलब्ध)

शुभकामनाएं
होण्डा सीएल पॉवर प्रोडक्ट्स लिमिटेड

**संचालन, रख-रखाव और समस्या निवारण के बारे में कृपया देखें:**
**www.hppsv.com/IND/** **या स्कैन**

# सुरक्षा के बारे में कुछ निर्देश

आपकी और दूसरों की सुरक्षा बहुत ही जरूरी है । जेनरेटर को सुरक्षितता से चलाना आपका दायित्व है ।

इस पुस्तिका में संचालन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारियां दी गयी हैं । यह जानकारियां आपको सुरक्षितता के बारे में सूचित निर्णय लेने में मदद करेगी । यह जानकारियां संभावित खतरे, जो आपको और दूसरों को जख्मी कर सकते हैं, उनसे सचेत करती है ।

बेशक यह व्यावहारिक नहीं है कि जेनरेटर के परिचालन के लिए हर संभावित खतरों के बारें में आपको बता सकें, आपको भी अपने अच्छे निर्णय का उपयोग करना चाहिए ।

सुरक्षा निर्देश आपको विभिन्न स्थिति में मिलेंगें जैसे कि :

- **सुरक्षा निर्देश** – आपके जेनरेटर पर लेबल दिए हुए हैं ।
- **सुरक्षा संदेश** – चेतावनी प्रतीक ⚠ के बाद और तीन संकेत शब्दों में से एक – **खतरा, चेतावनी, या सावधानी ।**

इन सांकेतिक शब्दों का अर्थ है :

**⚠ खतरा** — आपको गंभीर चोट लगेगी या आप मरेंगे, अगर आप निर्देशों का पालन नहीं करेंगें ।

**⚠ चेतावनी** — आपको गंभीर चोट लग सकती है या आप मर सकते है अगर आप निर्देशों का पालन नहीं करेंगें ।

**⚠ सावधानी** — आपको चोट लग सकती है अगर आप निर्देशों का पालन नहीं करेंगें ।

- **सुरक्षा शीर्षक** – महत्वपूर्ण सुरक्षा अनुदेश ।
- **सुरक्षा अनुभाग** – जैसे कि जेनरेटर सुरक्षा ।
- **निर्देश** – सही ढंग से और सुरक्षित रूप से यह जेनरेटर का उपयोग कैसे करें ।

इस पूरी किताब में महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी है । कृप्या ध्यान से पढ़ें ।

दिखाये गए चित्र मुख्य रुप से EX 2400S पर आधारित हैं ।

- दिखाये गए चित्र मॉडल के अनुसार भिन्न हो सकते हैं ।

# विषय


**जेनरेटर सुरक्षा ........ 5**
- महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी ........ 5
  - चलाने वाले की जिम्मेदारी ........ 5
  - कार्बन मोनोऑक्साईड के खतरे ........ 5
  - बिजली के झटके के खतरे ........ 6
  - आग और जलने के खतरे ........ 6
  - सावधानी से इंधन भरना ........ 6
- सुरक्षा लेबल स्थान ........ 7

**नियंत्रण एवं विशेषताएं ........ 10**
- घटक एवंम नियंत्रण स्थान ........ 10
- नियंत्रण ........ 13
  - फ्यूल वाल्व नॉब ........ 13
  - चोक नॉब ........ 13
  - इंजन स्विच ........ 14
  - स्टार्टर ग्रिप ........ 14
  - एसी सर्किट प्रोटेक्टर ........ 15
  - रख-रखाव कवर ........ 16
  - फ्यूल गेज ........ 17
  - व्हील को रोकने वाला डट्टा ........ 17
- विशेषताएं ........ 18
  - ऑयल चेतावनी प्रणाली ........ 18
  - ग्राउंड टर्मिनल ........ 18

**प्रयोग से पहले ........ 19**
- क्या आप आरंभ करने के लिए तैयार हैं? ........ 19
  - ज्ञान ........ 19
- क्या जेनरेटर चलने के लिए तैयार हैं? ........ 19
  - इंजन को जाँचें ........ 20

**प्रयोग ........ 21**
- सुरक्षित प्रयोग की सावधानियाँ ........ 21
- इंजन को चालू करना ........ 22
- इंजन बंद करना ........ 25
- एसी प्रयोग ........ 26
  - एसी उपयोग ........ 27
- अतिरिक्त बिजली ........ 28
  - इमारत की बिजली कनेक्शन ........ 28
  - ग्राउंड प्रणाली ........ 29
  - विशेष आवश्यकताएं ........ 29

# विषय

**जेनरेटर की सर्विस** ........ **30**
रख-रखाव का महत्व ........ 30
रख-रखाव सुरक्षा ........ 31
सुरक्षा सावधानियाँ ........ 31
रख-रखाव सारणी ........ 32
इंधन भरना ........ 33
इंधन सिफारिशें ........ 34
इंजन ऑयल स्तर को जाँचना ........ 35
इंजन ऑयल बदलना ........ 36
इंजन ऑयल सिफारिशें ........ 38
एयर क्लीनर सर्विस ........ 39
फोम एयर फिल्टर की सफाई ........ 41
स्पार्क प्लग सर्विस ........ 42
बैटरी सर्विस (केवल EX2400S) ........ 44
आपातकाल प्रक्रिया ........ 44
बैटरी निकालना ........ 45
बैटरी चार्ज करना ........ 46
बैटरी स्थापना ........ 46
फ्यूज (केवल EX2400S) ........ 47
**भंडारण** ........ **48**
भंडारण की तैयारी ........ 48
सफाई ........ 48
फ्यूल ........ 48
भंडारण प्रक्रिया ........ 49
भंडारण सावधानियाँ ........ 51
भंडारण से हटाना ........ 51
**परिवहन करना** ........ **52**
परिवहन करने से पहले ........ 52
परिवहन करते वक्त ........ 52
जेनरेटर को ट्रक द्वारा परिवहन ........ 53
**अप्रत्याशित समस्याओं की देखभाल** ........ **54**
इंजन की समस्याएं ........ 54
इंजन चालू नहीं होता ........ 54
इंजन मे शक्ति का अभाव ........ 54
**जेनरेटर की समस्याएं** ........ **55**
एसी सॉकेट में बिजली नहीं है ........ 55
**तकनीकी जानकारी** ........ **56**
क्रम संख्या स्थान ........ 56
उच्च ऊंचाई पर चलाने के लिए कारबोरेटर में संशोधन ........ 57
विशिष्टताएं ........ 58
**वारण्टी पॉलिसी** ........ **59**
**संस्थापन और मुफ्त सेवा** ........ **60**
**एरिया ऑफिस एड्रेस की सूची** ........ **61**

# जेनरेटर सुरक्षा

## महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी

होण्डा जेनरेटर बिजली के उपकरणों के उपयोग के हिसाब से बनाया गया है । किसी और प्रकार के प्रयोग से जेनरेटर को या अपने आप को चोट लग सकती है । पुस्तिका में दिये गए दिशा निर्देशों से चोट इत्यादी से बचा जा सकता है । खुद को और दूसरों की रक्षा करने के लिए नीचे दिये गये निर्देशों का पालन करें ।

## चलाने वाले की जिम्मेदारी

- आपातकालीन स्थिति में जेनरेटर को रोकने की जानकारी ।
- जेनरेटर के नियंत्रण, आउटपुट सॉकेट और कनेक्शन के उपयोग की जानकारी ।
- ध्यान रखें की जो व्यक्ति भी जेनरेटर चला रहा है उसे पूरी जानकारी हो । बच्चों को माता पिता के पर्यवेक्षण के बिना जेनरेटर संचालित करने मत दें ।

## कार्बन मोनोऑक्साईड के खतरे

- ध्यान रखें की जेनरेटर की निकास प्रणाली से जहरीली कार्बन मोनोऑक्साईड गैस बाहर निकलती है जो कि बेरंग और गंधहीन होती है, इसके साँस लेने पर अंदर जाने से **कुछ ही समय में कोई मर भी सकता है ।** जेनरेटर चलाते समय कार्बन मोनोऑक्साईड का खतरा टालने के लिए नीचे दिए गये दिशा र्निदेशों का पालन कीजिए ।
- हमेशा जेनरेटर को खुले में ही चलायें, खुली खिड़की, दरवाजों या निकास के नजदीक में न चलायें ।
- जेनरेटर को घर, गेराज, तहखाना, छोटी जगह या बंद अथवा आंशिक रूप से बंद जगह के अन्दर नहीं चलाये ।
- कभी भी खुली खिडकी, दरवाजों के नजदीक में जेनरेटर न चलायें ।
- अगर आपको संदेह है की आपने साँस में कार्बन मोनोऑक्साईड खींच ली है, तो खुली हवा में ताज़ी साँस लें और तुरंत वैद्यकीय चिकित्सा करें ।

कार्बन मोनोऑक्साईड संपर्क के प्रारंभिक लक्षणों में सिर दर्द, थकान, साँस की तकलीफ, उल्टी और चक्कर आना शामिल हैं । निरंतर कार्बन मोनोऑक्साईड के संपर्क से माँसपेशियों के समन्वय की कमी, बेहोशी, और फिर मौत हो सकती है ।

# जेनरेटर सुरक्षा

### बिजली के झटकों के खतरे

- जेनरेटर से उत्पन्न बिजली इतनी पर्याप्त है कि इसके दुरूपयोग करने से आपको ज़ोर का झटका लग सकता है जिससे आप की मौत भी हो सकती है ।

- जेनरेटर को गीली परिस्थितियों में प्रयोग न करें । जेनरेटर को सूखा रखें ।

  – बारिश या हिमपात में प्रयोग न करें ।

  – तरण ताल (स्विमिंग पूल) या छिड़काव प्रणाली के पास प्रयोग न करें ।

  – जब आपका हाथ गीला हो तो प्रयोग न करें ।

- यदि जेनरेटर को बाहरी मौसम से असुरक्षित भंडारण किया है तो, प्रत्येक प्रयोग से पहले, कंट्रोल पैनल पर विद्युत उपकरणों की जाँच करें । नमी या बर्फ से बिजली के उपकरणों में खराबी या शॉर्ट सर्किट हो सकता है, जिससे आपको बिजली का झटका लग सकता है ।

- जेनरेटर को इमारत की विद्युत व्यवस्था से सीधा न जोड़ें जब तक चेंज ओवर स्विच किसी योग्य बिजली मिस्त्री द्वारा न लगाया गया हो ।

## आग और जलने के खतरें

- निकास प्रणाली कुछ भी सामग्री प्रज्वलित करने के लिए पर्याप्त गर्म हो जाता है ।

  – जेनरेटर को ज्वलनशील सामग्री से कम से कम 1 मीटर दूरी पर रखें ।
  – कृपया जेनरेटर किसी बंद जगह में न चलायें ।
  – कृपया जेनरेटर को ज्वलनशील सामग्री से दूर रखें ।

- मफलर प्रयोग के दौरान बहुत गर्म हो जाता है और इंजन को रोकने के बाद थोडी देर के लिए गर्म रहता है । कृपया सावधानी बरतें, गरम अवस्था में मफलर को न छूने की खबरदारी लें । इंजन का भंडारण करने से पहले उसे उपरोक्त ठंडा होने दें ।

## सावधानी से इंधन भरना

पेट्रोल अत्यंत ज्वलनशील है, और पेट्रोल की भाप विस्फोट कर सकती है । जेनरेटर का प्रयोग किया गया है, तो इंजन को बंद करने के बाद उसे ठंडा होने दें ।

इंधन भरते समय इंजन बंद रखे और खुली और हवादार क्षेत्र में ही भरे ।

उपयोग के दौरान इंधन न भरें ।


फ्यूल टैंक में इंधन जरुरत से ज़्यादा न भरें ।

पेट्रोल के पास धूम्रपान कभी नहीं करें और अन्य लपटें और स्पार्क्स दूर रखें ।


पेट्रोल को हमेशा अनुमोदित कंटेनर में रखें । ध्यान रखें कि इंजन चालू करने से पहले फैला हुआ इंधन साफ कर लें ।

## सुरक्षा लेबल का स्थान


यह लेबल आपको संभावित खतरों से गंभीर चोट लगने की चेतावनी देते हैं । इसे ध्यान पूर्वक पढ़ें। अगर कोई भी लेबल उतर आता है या पढ़ने के लिए मुश्किल हो जाता है, तो बदलनें के लिए अपने अधिकृत होण्डा सर्विसिंग डीलर से संपर्क करें ।



# जेनरेटर सुरक्षा



- होण्डा जेनरेटर, यदि निर्देशों के अनुसार इस्तेमाल किया गया, तो सुरक्षित और भरोसेमंद सेवा देगा ।
  जेनरेटर चलाने से पहले ग्राहक पुस्तिका को ध्यान पूर्वक पढ़ लें और समझ लें । ऐसा न करने से खुद को या उपकरण को नुकसान हो सकता है ।




- ध्यान रखें की एग्जॉस्ट से जहरीली कार्बन मोनोऑक्साईड गैस बाहर निकलती है जो कि बेरंग और गंधहीन होती है, इसके साँस लेने से बेहोशी और मौत का कारण भी हो सकता है ।

- अगर आप जेनरेटर सीमित क्षेत्र, या आंशिक रुप से बंद क्षेत्र में चलाते हैं तो आपकी साँस में खतरनाक मात्रा में एग्जॉस्ट गैस हो सकता है ।

- जेनरेटर को बंद कमरे, गैराज, या खुली खिड़की, दरवाज़ों के नज़दीक न चलायें ।




- पेट्रोल एक ज्वलनशील पदार्थ है इसकी भाप से धमाका भी हो सकता है । इंजन को बंद करने के बाद इंधन भरने से पहले उसे ठंडा होने दें ।



•जेनरेटर को इमारत की विद्युत व्यवस्था से सीधे न जोड़ें जब तक चेंज ओवर स्विच किसी योग्य मिस्त्री द्वारा न लगाया गया हो ।

•इमारत की विद्युत व्यवस्था किसी योग्य बिजली मिस्त्री द्वारा अधिकृत तरीके से करवानी चाहिये और सभी लागू कानूनों का पालन करना चाहिए । अनुचित कनेक्शन जेनरेटर से उत्पन्न बिजली को इमारत की लाइनों में वापिस भेज सकता है । इस तरह की बिजली की वापसी से पॉवरकट के दौरान रख-रखाव कर्मचारी को बिजली का झटका लग सकता है और बिजली आने पर (पावर सप्लाई शुरू) उससे जेनरेटर में धमाका या इमारत की विद्युत व्यवस्था में आग लग सकती है ।




•एग्जॉस्ट निकास प्रणाली काफी गर्म हो जाती है इससे गंभीर जलन हो सकती है । चालू इंजन के संपर्क से बचें ।


# नियंत्रण एवं विशेषताएं

## घटक एवं नियंत्रण स्थान


बार बार काम में आने वाले नियंत्रण उपकरणों को इन पन्नों पर चित्रों के द्वारा दिखाया गया है ।




# नियंत्रण एवं विशेषताएं



# नियंत्रण एवं विशेषताएं



## नियंत्रण




### फ्यूल वाल्व नॉब

इंजन को चलाने के लिए फ्यूल वाल्व लीवर हमेशा 'ऑन' (ON) पोजिशन में रखें ।

इंजन को बंद करने के बाद फ्यूल वाल्व लीवर को 'ऑफ' (OFF) पोजिशन में घुमा दीजिये ।

### चोक नॉब


चोक नॉब कारबोरेटर में चोक वाल्व को खोलता और बंद करता है ।

ठंडे इंजन को चालू करने के लिए क्लोज्ड (बंद) पोजिशन फ्यूल मिश्रन को बढ़ाने में सहायता करता है ।

इंजन चालू होने के बाद एवं गरम इंजन को दुबारा चालू करने में ओपन (खुला) पोजिशन सही मात्रा मे फ्यूल मिश्रन नियंत्रण करता है ।

# नियंत्रण एवं विशेषताएं

## इंजन स्विच




इंजन स्विच इग्निशन प्रणाली को नियंत्रण करती है ।

EX2400 :

ऑफ – इंजन बंद करने की स्थिति ।

ऑन – चालू करने की स्थिति ।


EX2400S :

ऑफ – इंजन बंद करने की स्थिति ।
इस स्थिति में इंजन स्विच चाबी को हटाया/डाला जा सकता है ।

ऑन – चालू करने की स्थिति ।

स्टार्ट – इलेक्ट्रिक स्टार्टर से संचालन करने की स्थिति ।

## स्टार्टर ग्रिप





स्टार्टर ग्रिप को हल्के से खींचनें से रिकॉइल स्टार्टर इंजन को चालू कर देता है ।


**ध्यान रखें**

- स्टार्टर ग्रिप को तेजी से वापस न आने दें । स्टार्टर को क्षति से बचाने के लिए धीरे से स्टार्टर लौटने दें ।
- स्टार्टर की रस्सी को जेनरेटर की बौडी से रगड़ न खाने दें, नहीं तो रस्सी जल्दी खराब हो जाएगी ।

## एसी सर्किट प्रोटेक्टर

अगर जेनरेटर पर अधिक लोड हो या शॉट सर्किट हो जाता है तो एसी सर्किट प्रोटेक्टर स्वचालित रूप से बंद हो जाएगा (पुश बटन बाहर आता है) ।
अगर एसी सर्किट प्रोटेक्टर स्वचालित रूप से बंद हो जाता है तो फिर से एसी सर्किट प्रोटेक्टर ऑन करने (पुश बटन को अन्दर दबाएं) से पहले जाँचे की सभी उपकरणों का लोड ज़्यादा तो नहीं है ।




# नियंत्रण एवं विशेषताएं

## रख-रखाव कवर


### रख-रखाव कवर के स्थान




सुनिश्चित करें की जेनरेटर के प्रयोग के समय सभी रख-रखाव कवर बंद हों ।


खोलने के लिए :
लैच को 90° घड़ी की सूई के अनुसार घुमायें ।

बंद करने के लिए :
कवर धकेलते हुए लॉक करने के लिए लैच को 90° घड़ी की सूई के विपरीत दिशा में घुमायें ।




## फ्यूल गेज

फ्यूल गेज एक यांत्रिक उपकरण है जो की टैंक में इंधन का स्तर नापता है । खिड़की में लाल सूचक इंधन स्तर के संदर्भ में है । जेनरेटर शुरु करने से पहले, टैंक में इंधन पूरा भरें जिससे की जेनरेटर देर तक चलता रहें । एक समतल स्तर पर जेनरेटर को रख कर इंधन का स्तर जाँचें । हमेशा इंधन भरने से पहले इंजन को बंद करें और उसे ठंडा होने दें ।




## व्हील को रोकने वाला डट्टा

लीवर उठाएँ और उसे तीर की दिशा में इतना धकेलिये की डट्टा व्हील होल में चला जाए और फिर लीवर को नीचे करें । सुनिश्चित करें की व्हील लॉक हो गये हैं ।
अगर सभी चारों पहिये समतल जमीन की स्तह पर नहीं है, पर तो जेनरेटर अस्थिर हो सकता है । सुनिश्चित करें की चलाने से पहले सभी चारों पहिये जमीन के साथ संपर्क में हो ।



# नियंत्रण एवं विशेषताएं

## विशेषताएं

### ऑयल चेतावनी प्रणाली

ऑयल चेतावनी प्रणाली इस तरह से बनाई गई है कि अगर क्रेंक केस में इंजन ऑयल एक तय सीमा से ज़्यादा कम हो जाए तो इंजन स्वचालित रूप से बंद हो जाएगा । (इंजन स्विच ऑन पोजिशन मे ही रहेगा)


अगर इंजन बंद हो जाता है और चालू नहीं होता है तो, अन्य क्षेत्रों में समस्या निवारण से पहले इंजन ऑयल का स्तर जाँचें (देखें पृष्ठ 35) ।

### ग्राउंड टर्मिनल (अर्थ)

ग्राउंड टर्मिनल जेनरेटर के फ्रेम और सॉकेट की ग्राउंड टर्मिनल से जुड़ा है ।

सुनिश्चित करें की अगर जुड़े हुए उपकरणों ग्राउंड से 'अर्थ' हैं तो जेनरेटर भी 'अर्थ' हो।

जेनरेटर के टर्मिनल ग्राउंड से 'अर्थ' करने के लिए हमेशा ताबें की तार, जिस की व्यास जोड़े गए उपकरण के समान या बड़े व्यास की ही इस्तेमाल करें ।



# प्रयोग से पहले

## क्या आप शुरू करने के लिए तैयार हैं ?

आपकी सुरक्षा आपकी जिम्मेदारी है । शुरू करने के लिए तैयारी में थोड़ा समय आपके चोट के खतरे को कम कर सकता है ।

### ज्ञान

ग्राहक पुस्तिका को पढ़ें और समझें । जानें नियंत्रण कैसे और क्या काम करते हैं ।

जेनरेटर को उपयोग करने से पहले आप प्रयोग के तरीके से परिचित हो जायें, यह जानें की आपातकालीन स्थिति में उसे जल्दी से कैसे बंद करना है ।

ध्यान रखें की जो आपने बिजली के उपकरण लगायें हैं, वो जेनरेटर के लोड क्षमता से ज़्यादा न हों (देखें पृष्ठ 27) ।

## क्या जेनरेटर चलने के लिए तैयार है ?

अपनी सुरक्षा के लिए, पर्यावरण नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, और अपने उपकरणों के काम करने की समय सीमा को बढ़ाने के लिए, जेनरेटर संचालित करने से पहले, कुछ पल जेनरेटर की परिस्थिति की जाँच कर लें । ध्यान रखें की जेनरेटर चलाने से पहले अगर कोई खराबी है तो उसे ठीक करें या अपने अधिकृत होण्डा सर्विसिंग डीलर से ठीक करा लें ।

**⚠ चेतावनी**

अनुचित तरीके से जेनरेटर का रख-रखाव, या प्रयोग करने से पहले समस्या को ठीक नहीं करने से जेनरेटर खराब हो सकता है, जिससे आपको चोट भी लग सकती है ।

हमेशा जेनरेटर को प्रयोग करने से पहले उसे जाँच लें ।

# प्रयोग से पहले

संभावित आग को रोकने के लिए जेनरेटर ऑपरेशन के दौरान इमारत की दिवारों और अन्य उपकरणों से कम से कम 1 मीटर दूरी पर रखें । ज्वलनशील सामग्री इंजन के पास न रखें ।

प्रयोग से पहले ध्यान रखें की जेनरेटर समतल सतह पर हो और इंजन स्विच 'ऑफ' पोजिशन में हो ।

**ध्यान रखें**

जेनरेटर को इमारत या अन्य बाधा से कम से कम 1 मीटर की दूरी पर नहीं उपयोग करने से अधिक गर्म हो सकता है और जेनरेटर को नुकसान पहुंचा सकता है ।
उचित ठंडा करने के लिए, जेनरेटर के उपर और चारों और खाली जगह कम से कम 1 मीटर होनी चाहिये ।

## इंजन को जाँचे

- प्रत्येक उपयोग करने से पहले, चारों और ऑयल या पेट्रोल रिसाव के लक्षण के लिए इंजन के नीचे देखें ।
- ऑयल के स्तर को जाँचे (देखें पृष्ठ 35)। ऑयल कम होने से ऑयल चेतावनी प्रणाली इंजन बंद कर देगी ।
- एयर फिल्टर को जाँचे (देखें पृष्ठ 39)। गंदा एयर फिल्टर होने से हवा का प्रवाह कारबोरेटर तक नहीं जाएगा जिससे की जेनरेटर की कार्यक्षमता पर असर पड़ेगा ।
- फ्यूल स्तर को जाँचे (देखें पृष्ठ 33)। बिना किसी रूकावट के चलाने के लिए फ्यूल टैंक पूरा भरें ।

# प्रयोग

## सुरक्षित प्रयोग सावधानियाँ

जेनरेटर को पहली बार चलाने से पहले **जेनरेटर सुरक्षा** (पृष्ठ 5) और **प्रयोग से पहले** (पृष्ठ 19) के अध्याय पढ़ लें ।

आपकी सुरक्षा के लिए जेनरेटर को बंद स्थान जैसे कि गैराज में न चलायें । आपके जेनरेटर के एग्जॉस्ट में से जहरीली गेस कार्बन मोनोऑक्साइड निकलती है जो की बंद जगह में जल्दी फैलती है जिससे कि आपके बिमार होने का या मृत्यु होने का खतरा होता है ।

**⚠ चेतावनी**

एग्जॉस्ट में से जहरीली कार्बन मोनोऑक्साईड गेस निकलती है जो कि बंद क्षेत्रों में खतरनाक स्तर निर्माण कर सकती है । कार्बन मोनोऑक्साईड कि साँस, बेहोशी या मौत का कारण बन सकती है ।

कभी भी जेनरेटर को सीमित क्षेत्र, या आंशिक रुप से बंद क्षेत्र में न चलाए जहाँ पर लोग मौजूद हों ।

जेनरेटर से एसी उपकरण या बिजली की तार जोड़ने से पहले :


- हमेशा ग्राउंडेड (अर्थ) ३ तार वाले एक्सटेंशन, औज़ार और उपकरण इस्तेमाल करें अथवा दोहरे इन्सुलेशन युक्त औज़ार और उपकरण इस्तेमाल करे ।
- तार और प्लग को जाँचें, यदि क्षतिग्रस्त हैं तो बदलें ।
- ध्यान रखें की सभी उपकरण चालू हालत में हैं । खराब उपकरण या तार से बिजली का झटका लग सकता है ।
- ध्यान रखें की सभी उपकरणों की पॉवर रेटिंग जेनरेटर की या सॉकेट की क्षमता से ज़्यादा न हो ।
- जेनरेटर को इमारत या बंद जगह या उपकरणों से कम से कम 1 मीटर दूरी पर रखें।
- जेनरेटर को बंद जगह में न चलायें ।
- इंजन के करीब ज्वलनशील सामग्री न रखें ।

## इंजन को चालू करना


**‘सुरक्षित प्रयोग की सावधानियाँ’** पृष्ठ 21 पर देखें और **‘क्या आपका जेनरेटर प्रयोग करने के लिए तैयार हैं** ?’ पृष्ठ 19 के अनुसार जाँच लें ।

इलेक्ट्रिक स्टार्टर (केवल EX2400S में)

1. ध्यान रखें कि जेनरेटर से जुड़े हुए सभी उपकरण बंद हो । अगर जेनरेटर पर लोड होगा तो इंजन को चालू होने में परेशानी होगी ।




2. फ्यूल वाल्व लीवर को ‘ऑन’ पोजिशन में घुमाइये ।
3. ठंडे इंजन को चालू करने के लिए चोक नॉब को ‘क्लोज्ड (बंद)’ पोजिशन में रखें ।
   गरम इंजन को दुबारा चालू करने के लिए चोक नॉब को ‘ओपन (खुला)’ पोजिशन में रखें ।
4. इंजन स्विच को ‘स्टार्ट’ पोजिशन में रखें , जब तक इंजन शुरु नहीं होता उसे पकड़ कर रखें । जब इंजन शुरु होता है तो इंजन स्विच चाबी को छोड़ें और स्विच को ‘ऑन’ पोजिशन में वापस जाने दें ।
   अगर इंजन 5 सेकंड के भीतर स्टार्ट होने में विफल रहता है तो चाबी को छोड़ें, और फिर स्टार्टर संचालन करने से पहले कम से कम 10 सेकंड प्रतीक्षा करें ।





**ध्यान रखें**

5 सेकंड से ज़्यादा इलेक्ट्रिक स्टार्टर उपयोग करने से स्टार्टर मोटर ज़्यादा गर्म हो जाएगी या उसको नुकसान पहुंच सकता है ।

जब इंजन प्रयोग में नहीं है तो इंजन स्विच को ‘ऑन’ पोजिशन में न रखें, इससे बैटरी डिस्चार्ज हो जायेगी । जब इंजन प्रयोग में नहीं है तो इंजन स्विच को ‘ऑफ’ पोजिशन में रखें ।


5. इंजन स्टार्ट करने के लिए अगर चोक नॉब को ‘क्लोज्ड (बंद)’ पोजिशन की तरफ खींचा गया है तो इंजन के गरम होने पर ‘ओपन (खुला)’ पोजिशन की तरफ धकेलिए ।




## रिकॉइल स्टार्टर ( EX2400 एवं EX2400S )


1. सुनिश्चित करें की जेनरेटर से जुड़े सभी उपकरण बंद हैं । अगर जेनरेटर पर लोड है तो स्टार्ट करने में मुश्किल होगी ।

2. फ्यूल वाल्व नॉब को ‘ऑन’ पोजिशन में घुमाइये ।





3. इंजन चालू करने के लिए चोक नॉब को ‘क्लोज्ड (बंद)’पोजिशन में रखें और जब गरम इंजन को दुबारा चालू करने के लिए‘ चोक नॉब को ‘ओपन (खुला)’पोजिशन में रखें ।

4. इंजन स्विच को ‘ऑन’ पोजिशन में घुमाइये ।




5. पहले स्टार्टर ग्रिप को हल्के से खींचे जैसे ही खिचाव प्रतीत हो तो फ्रेम हैंडल बार को पकड़े हुए तेजी से जिस दिशा में तीर दिखाया गया है खींचे ।




**ध्यान रखें**

- स्टार्टर ग्रिप को तेजी से वापस न आने दें । स्टार्टर को क्षति से बचाने के लिए धीरे से स्टार्टर लौटने दें ।
- स्टार्टर की रस्सी को जेनरेटर की बॉडी से रगड़ न खाने दें, नहीं तो रस्सी जल्दी खराब हो जाएगी ।

6. इंजन चालू करने के लिए चोक नॉब को 'क्लोज्ड (बंद)' पोजिशन में रखें और जब इंजन गरम हो जाए तो ' ओपन (खुला)' पोजिशन की तरफ धकेलिए ।




## इंजन को बंद करना


आपातकाल स्थिति में इंजन स्विच को 'ऑफ' की पोजिशन में रखें ।
सामान्य स्थिति में निम्न तरीका अपनाइये ।

1. जेनरेटर से जुड़े सभी उपकरणों को बंद कर दें या हटा दें ।

2. इंजन स्विच को 'ऑफ' की पोजिशन में रखें ।




3. फ्यूल वाल्व नॉब को 'ऑफ' की पोजिशन में घुमाइये ।



# प्रयोग

## एसी प्रयोग


जेनरेटर से उपकरण को जोड़ने से पहले यह जाँच लें कि वह उपयोग करने की हालत में है और उसकी बिजली की रेटिंग जेनरेटर की रेटिंग से ज़्यादा तो नहीं है ।

**ध्यान रखें**

जेनरेटर पर अत्याधिक लोड जेनरेटर को खराब कर सकता है, सीमित अधिक लोड से उसकी कार्यसीमा कम हो सकती है ।

1. इंजन को चालू करें (देखें पृष्ठ 22) ।

2. उपकरण को उपयुक्त एसी सॉकेट में लगायें ।
   अधिकतर मोटर युक्त उपकरण चालू होते वक्त अपनी रेटेड वॉटेज से ज़्यादा पॉवर खीचतें हैं ।



## एसी उपयोग

जेनरेटर से उपकरण एवं बिजली की तार जोड़ने से पहले :

- ध्यान रखें की सभी उपकरण चालू हालत में हैं । खराब उपकरण या तार से बिजली का झटका लग सकता है ।
- अगर उपकरण असामान्य रूप से चलता है या अचानक रूक जाता है तो जेनरेटर तुरंत बंद कर दीजिए । उपकरण को उतार कर जाँचे की कहीं समस्या उपकरण है या कहीं रेटेड लोड से भार ज़्यादा तो नहीं है ।

अधिकतर मोटर युक्त उपकरण चालू होते वक्त अपनी रेटेड वॉटेज से ज़्यादा पॉवर खीचतें हैं ।

जेनरेटर से उपकरण या औज़ार जोड़ने से पहले यह जाँच लें की उनकी रेटिंग जेनरेटर की रेटिंग से ज़्यादा तो नहीं है ।

अधिकतम पॉवर
2.1 केवीए

सतत संचालन के लिए, रेटेड पॉवर से अधिक इस्तेमाल न करे ।

रेटेड पॉवर
1.8 केवीए

दोनो ही परिस्थितियों में, सभी जुड़े हुए उपकरणों की कुल बिजली की आवश्यकताओं (वीए)को मानना चाहिए । उपकरण और औज़ारों के निर्माता आमतौर पर मॉडल संख्या या सीरियल नंबर के निकट बिजली की आवश्यकता की जानकारी सूचित करते है ।

**ध्यान रखें**

रेटेड पॉवर से अधिक लोड होने पर सर्किट प्रोटेक्टर बटन बाहर आजायेगा । सीमित ओवरलोडिंग से सर्किट प्रोटेक्टर बंद नहीं हो सकता है, लेकिन उससे जेनरेटर की कार्यसीमा छोटी हो सकती है ।

## अतिरिक्त बिजली

### इमारत की बिजली प्रणाली से कनेक्शन

इमारत की विद्युत प्रणाली से अतिरिक्त बिजली के लिए कनेक्शन एक योग्य बिजली मिस्त्री द्वारा किया जाना चाहिए । जेनरेटर को इमारत की विद्युत व्यवस्था से सीधे न जोड़ें जब तक चेंज ओवर स्विच लगा न हो, और सभी लागू कानूनों और बिजली के कोड का पालन करना चाहिए ।

**⚠ चेतावनी**

अनुचित कनेक्शन जेनरेटर से उत्पन्न बिजली को इमारत की लाइनों में वापिस भेज सकता है ।

इस तरह बिजली की वापसी से पॉवरकट के दौरान रख-रखाव कर्मचारी को बिजली का झटका लग सकता है और बिजली आने पर (पावर सप्लाई शुरू) उससे जेनरेटर में धमाका या इमारत की विद्युत व्यवस्था में आग लग सकती है ।

कनेक्शन लगाने से पहले बिजली सप्लाई कंपनी या योग्य बिजली मिस्त्री से परामर्श करें ।

कई जगह पर, जेनरेटर को बिजली सप्लाई कंपनियों में पंजीकृत करवाना पड़ता है । कार्यविधि का उपयोग और पंजीकृत करवाने के लिए स्थानीय नियमों को जाँचे ।

## ग्राउंड प्रणाली

इस जेनरेटर में ग्राउंड प्रणाली होती है जो फ्रेम पार्ट को ग्राउंड टर्मिनल से एसी आउटपुट सॉकेट में जोड़ता है। ग्राउंड प्रणाली एसी न्यूट्रल तार से जुड़ी नहीं होती है ।

### विशेष आवश्यकताएं

**ध्यान रखें**

जेनरेटर को ले जाते हुए, भंडारण करते हुए, या प्रयोग करते वक्त एक साईड पर झुका कर न रखें । इससे ऑयल का बहना और इंजन या संपत्ति को नुकसान हो सकता है ।

जेनरेटर का उद्देशित उपयोग करने के लिए स्थानीय नियम हो सकते हैं, कृप्या योग्य बिजली मिस्त्री, बिजली सप्लाई कंपनी का विद्युत निरीक्षक, या स्थानीय एजेंसी जिनके पास कानूनी अधिकार हो, से परामर्श करें ।

- कई जगह पर, जेनरेटर को बिजली सप्लाई कंपनियों में पंजीकृत करवाना पड़ता है ।
- जेनरेटर के भवन निर्मान स्थल पर उपयोग करने के लिए अतिरिक्त नियम हो सकते है, जिनका पालन करें ।

# जेनरेटर की सर्विस

## रख-रखाव का महत्व

अच्छा रख-रखाव सुरक्षित, किफायती, और परेशानी मुक्त प्रयोग के लिए आवश्यक है । यह वायू प्रदूषन को कम करने में मदद करता है ।

आपके जेनरेटर को ठीक ढंग से देखभाल के लिए अगले पन्नों में रख-रखाव सारणी, नियमित निरीक्षण प्रक्रिया, बुनियादी औज़ारों के साथ आसान रख-रखाव प्रक्रिया इत्यादि शामिल है । अन्य प्रक्रियाएं जो अधिक मुश्किल है और जहाँ विशेष औज़ारों की आवश्यकता है, उन्हे अच्छे ढंग से पेशेवर मिस्त्री द्वारा करना चाहिए और सामान्य रुप से होण्डा टेक्नीशियन या अन्य योग्य मैकेनिक द्वारा किए जाते हैं ।

रख-रखाव सारणी सामान्य स्थिति में चलने के लिए लागू है । अगर आप अपने जेनरेटर को किसी असामान्य परिस्थितियों में, जैसे उच्च लोड पर या उच्च तापमान में निरंतर प्रयोग, या धूल भरी स्थितियों में इस्तेमाल करते हैं, तो आपकी व्यक्तिगत जरुरतें और उपयोग पर लागु सिफारिशों के लिए अपने अधिकृत होण्डा सर्विसिंग डीलर से परामर्श करें ।

**⚠ चेतावनी**

अनुचित तरीके से जेनरेटर का रख-रखाव या प्रयोग करने से पहले समस्या को ठीक नहीं करने से जेनरेटर खराब हो सकता है । जिससे आपको चोट भी लग सकती है ।
हमेशा इस पुस्तिका में दिये निरीक्षण एवं रख-रखाव सिफारिशें, और रख-रखाव सारणी का पालन करें ।

ध्यान रखें कि अधिकृत होण्डा डीलर आपके जेनरेटर के बारे में अच्छी तरह से जानता है और वह आपके जेनरेटर के रख-रखाव एवं ठीक करने में पूरी तरह से निपुण है ।

सबसे अच्छी गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए हमेशा होण्डा के असली पुर्जे ही खरीदें ।

## रख-रखाव सुरक्षा

सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा सावधानियां नीचे दी गई हैं । हालांकि हम रख-रखाव करते समय हर संभावित खतरे से आगाह नहीं कर सकते हैं । केवल आप ही यह तय कर सकते कि वह कार्य आप कर सकते है या नहीं ।

**⚠ चेतावनी**

ठीक तरह से रख-रखाव के निर्देश और सावधानियों का पालन ना करना, आपकी गंभीर चोट लगने या मृत्यु का कारण बन सकता है ।

हमेशा इस पुस्तिका में दिये प्रक्रिया और सावधानियों का पालन करें ।

## सुरक्षा सावधानियां

ध्यान रखें कि रख.रखाव करते समय जेनरेटर बंद है, इससे संभावित खतरा टल जाता है ।

— **एग्जॉस्ट से निकली क्रार्बन मोनोऑक्साइड की विषबाधा ।**
जेनरेटर को बाहर में, लेकिन खुली खिड़की या दरवाजे के पास न चलायें ।

– **गरम पुर्जो से जलन ।**
इंजन और निकास प्रणाली को छूने से पहले ठंडा होने दें ।

– **हिलते पुर्ज़ो से चोट ।**
बिना निर्देश इंजन मत चलायें ।

- जेनरेटर को चालू करने से पहले निर्देश पढ़ें और सुनिश्चित करें की आपके पास औज़ार एवं कुशलता है ।
- आग या विस्फोट की संभावना को कम करने के लिए, पेट्रोल के आसपास काम करते समय सावधान रहें । पुर्ज़ो को साफ करने के लिए केवल अज्वलनशील द्रव्य (साल्वेंट) का इस्तेमाल करें, ना कि पेट्रोल । इंधन संबंधित पुर्ज़ो से सिगरेट, चिंगारी और आग की लपटें दूर रखें ।

# जेनरेटर की सर्विस

रख-रखाव समय सारणी

| **सामान्य सर्विस अवधि ( 3 )**<br>हर संकेत महीने या ऑपरेटिंग घंटे के अंतराल पर परफॉर्म करें, जो भी पहले आए ।<br>**चीजें** | | प्रत्येक उपयोग के पहले | पहले माह या 20 घंटे | हर तीसरे माह या 50 घंटे | हर छठा माह या 100 घंटे | हर साल या 300 घंटे | पृष्ठ देखें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इंजन ऑयल | लेवल जाँचे | ○ | | | | | 35 |
| | बदलें | | ○ | | ○ | | 36 |
| एयर क्लीनर | जाँचे | ○ | | | | | 39 |
| | साफ करें | | | ○ (1) | | | 41 |
| | बदलें | | | | | ○ * | 40 |
| स्पार्क प्लग | जाँचे–ॲडजस्ट करें | | | | ○ | | 42 |
| | बदलें | | | | | ○ | 42 |
| वाल्व क्लियरेंस | जाँचे–ॲडजस्ट करें | | | | | ○ (2) | – |
| ए.आई. एयर फिल्टर | साफ करें | | | | | ○ (2) | – |
| ए.आई. केस ड्रेन | ड्रेन करें | | | | | ○ (2) | – |
| क्म्बशन चेंबर | साफ करें | हर 500 घंटों के बाद (2) | | | | | – |
| फ्यूल टैंक व फिल्टर | साफ करें | | | | ○ (2) | | – |
| फ्यूल टयूब | जाँचे | हर दो साल (जरूरत के अनुसार बदले) (2) | | | | | – |

* केवल पेपर एयर फिल्टर बदलें ।

(1) धूल भरी जगह पर उपयोग करने पर सर्विस कम अंतराल में करें ।

(2) यह सारी चीजे होण्डा के अधिकृत डिलर द्वारा ही सर्विस करवानी चाहिये, अगर आपके पास उचित औज़ार और कुशलता नहीं है । सर्विस प्रक्रिया के लिए होण्डा शॉप मैन्युअल का संदर्भ लें ।

(3) वाणिज्यिक जेनरेटर उपयोग में, सही रख-रखाव के अंतराल के लिए घंटो का सही हिसाब रखें ।

यह जेनरेटर कॅटेलिटिक कनवर्टर के साथ सुसज्जित है । अगर इंजन का ठीक से रख-रखाव नहीं किया गया है तो मफलर में कॅटेलिस्ट अपना प्रभावशीलता खो सकता है ।

## इंधन भरना

इंजन बंद स्थिति में, फ्यूल टैंक कैप को हटा कर इंधन का स्तर जाँचें । अगर स्तर कम है तो इंधन भरें ।

**⚠ चेतावनी**

पेट्रोल अत्याधिक ज्वलनशील और विस्फोटक है ।

पेट्रोल भरते समय आप जल सकते हैं या आपको गंभीर चोट लग सकती है ।

- इंजन बंद करें, और गर्मी, चिंगारी या लौ से दूर रखें ।
- इंधन को बाहर खुली जगह पर ही भरें ।
- फैले हुए इंधन को तुरंत साफ करें ।


**ध्यान रखें**

पेट्रोल, पेंट और प्लास्टिक को, नुकसान पहुंचा सकता है । फ्यूल टैंक में इंधन भरते वक्त ध्यान रखें की वह गिरे नहीं । गिरे हुए इंधन की वजह से हुए नुकसान वारंटी के अंतर्गत नहीं आते हैं । सुनिश्चित करें की डट्टा सठीक व्हील होल में है (देखें पृष्ठ 17) ।

कृप्या इंधन को बाहर खुली जगह पर ही भरें । अगर इंजन चल रहा है तो उसे पहले ठंडा होने दें। फ्यूल टैंक में इंधन फ्यूल फिल्टर के उपरी स्तर निशान से ज़्यादा न भरें । इंधन भरते हुए ना गिरने की सावधानी बरतें ।

कभी भी इंजन में इंधन इमारत के अन्दर न भरें, जहाँ पर पेट्रोल की भॅाप को लौ या चिंगारी पहुँच सकती है । पेट्रोल को बिजली के उपकरण, बारबेक्यू, पॉवर औजार इत्यादी से दूर रखें ।
फैले हुए पेट्रोल से केवल आग का खतरा ही नहीं होता, इससे पर्यावरण को भी नुकसान होता है । फैले हुए पेट्रोल को तुरंत साफ करें ।

# जेनरेटर की सर्विस




इंधन भरने के बाद फ्यूल टैंक कैप को सुरक्षित रुप से बंद करें ।

## इंधन सिफारिशें

हमेशा अनलेडेड 91 औकटेन पेट्रोल या उससे बड़ कर ही डालें ।

हमेशा अनलेडेड पेट्रोल का उपयोग करें नहीं तो कॅटेलिस्ट अपनी प्रभावशीलता खो देगा और नकारात्मक निकास उत्सर्जन को प्रभावित करेगा ।

कभी भी बासी या दूषित पेट्रोल या ऑयल / पेट्रोल मिश्रण न डालें । ध्यान रखें की गंद या पानी फ्यूल टैंक में न चला जाये ।

हमेशा अनलेडेड (सीसा रहित) पेट्रोल जिसमें इथेनॉल 10% अथवा मिथेनॉल 5% से ज़्यादा न मिली हो प्रयोग करें । इसके अलावा, मिथेनॉल में कोसॉल्वेंट और जंगरोधक शामिल होना चाहिए ।

इससे ज़्यादा मात्रा वाले सालवेंट इथेनॉल अथवा मिथेनॉल डालने से जेनरेटर चालू होने में और कार्यश्रमता में कमी आएगी । इससे इंधन प्रणाली के धातू, रबड़ एवं प्लास्टिक के पुर्ज़े खराब हो सकते हैं ।


लेडेड (सीसा युक्त) पेट्रोल या पेट्रोल जिसमें इथेनॉल या मिथेनॉल की मात्रा उपर दिए हुए मात्रा से अधिक हो,उसका उपयोग करने से इंजन को नुकसान या आने वाली समस्याऐं वारंटी के अंर्तगत नहीं आती हैं ।

अगर आपका जेनरेटर कभी कभी चलता है तो इंधन खराब होने के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए पृष्ठ 48 पर **इंधन भंडारण** का अध्याय देखें ।


## इंजन ऑयल स्तर जाँचे

जेनरेटर बंद करके किसी समतल स्थान पर रख कर इंजन ऑयल स्तर जाँचे ।

1. सुनिश्चित करें की डट्टा सठीक व्हील होल में है (देखें पृष्ठ 17) ।
2. सामने के रख-रखाव कवर को खोलें ।
3. ऑयल फिलर कैप को निकालें ।




4. इंजन ऑयल स्तर जाँचे, अगर कम है तो सिफ़ारिश किए ऑयल से उपरी स्तर तक भरें (देखें पृष्ठ 38) ।




5. ऑयल फिलर कैप को सुरक्षित पुनः स्थापित करें ।
6. सामने के रख-रखाव कवर को बंद करें ।


अगर इंजन ऑयल लेवल स्तर सुरक्षित स्तर से कम हो जाता है तो ऑयल चेतावनी प्रणाली जेनरेटर को बंद कर देगी । इससे बचने के लिए ऑयल लेवल स्तर को नियमित रूप से जांच करते रहें ।

# जेनरेटर की सर्विस


## इंजन ऑयल बदलना

ऑयल तभी निकालिये जब इंजन गर्म है । इससे जल्दी और पूरी तरह से ऑयल निकलता है । जेनरेटर बंद करके किसी समतल स्थान पर रखें ।

1. सुनिश्चित करें की डट्टा सठीक व्हील होल में है (देखें पृष्ठ 17) ।
2. पुराना उपयोग किया तेल निकालने के लिए एक उपयुक्त कंटेनर ड्रेन कैप के नीचे रखें, (जो की सामने के रख-रखाव कवर के नीचे स्थित है) ।
3. ड्रेन कैप को निकालें ।
4. सामने के रख-रखाव कवर को खोलें ।




5. ऑयल फिलर कैप, ऑयल ड्रेन प्लग और सीलिंग वाशर को निकालें और सम्पूर्ण गंदा ऑयल निकलने दें ।




6. सम्पूर्ण गंदा ऑयल निकालने के बाद ऑयल ड्रेन प्लग, नई सीलिंग वाशर और ड्रेन कैप को पुनः स्थापित करें । ड्रेन प्लग और कैप को सुरक्षित रुप से कस कर लगायें ।

**ध्यान रखें**

पर्यावरण के लिए इंजन ऑयल का अनुचित निपटान हानिकारक होता है । अगर आप खुद ऑयल बदल रहे हैं तो पुराने ऑयल को ध्यान से निपटान करें । उसे सीलबंद कंटेनर में डाल कर रीसाइक्लिंग सेंटर में ले जायें । उसे कूड़े दान में, या धरती पर या नाली में न बहाऐं ।

7. जेनरेटर को समतल स्थान पर रख कर सिफ़ारिश किए ऑयल उपरी सीमा तक भरें (देखें पृष्ठ 38) ।

   इंजन ऑयल क्षमता : 0.58 ली.







8. ऑयल फिलर कैप को कस कर लगायें ।

9. जेनरेटर से फैले हुए तेल को साफ करें ।

10. सामने के रख-रखाव कवर बंद करें ।


इस्तेमाल किए गए ऑयल को संभालने के बाद साबुन और पानी से अपने हाथ धो लें ।

## इंजन ऑयल सिफारिशें


इंजन ऑयल, इंजन की कार्यक्षमता और कार्यसीमा को प्रभावित करता है ।

हमेशा 4-स्ट्रोक इंजन ऑयल जिसमें एपीआई सर्विस श्रैणी एसई या उससे उपर (या समतुल्य) हो इस्तेमाल करें । हमेशा ऑयल कंटेनर पर एपीआई सर्विस लेबल की जांच करें कि एसई या उससे उपर (या समतुल्य) उसमें शामिल है ।

एसएई 10डब्लू – 30 सामान्य उपयोग के लिए सिफारिश किया गया है । नीचे दिए गये चार्ट में आपके क्षेत्र में औसत तापमान के हिसाब से सिफारिश की गई है ।



## एयर क्लीनर सर्विस





1. बायां रख-रखाव कवर को खोलें ।

2. खोलने के लिए क्लिप्स को खीचें और एयर क्लीनर कवर को निकालें ।

3. फोम एयर फिल्टर की जाँच करें ।
   क. एयर क्लीनर कवर से फोम एयर फिल्टर को निकालें ।


   ख. फोम एयर फिल्टर की जाँच करें और सुनिश्चित कर लें की वह साफ और अच्छी परिस्थिति में है ।
   अगर फोम एयर फिल्टर गंदा है उसे साफ करें, जैसा की पृष्ठ 41 में दिखाया गया है ।
   अगर फोम एयर फिल्टर खराब है तो बदलें ।

   ग. फोम एयर फिल्टर को एयर क्लीनर कवर में पुन:स्थापित करें ।



4. पेपर एयर फिल्टर की जाँच करें ।
   क. एयर क्लीनर केस से पेपर एयर फिल्टर को निकालें ।
   अगर पेपर एयर फिल्टर गंदा है तो उसे नए के साथ बदलें ।
   पेपर एयर फिल्टर को साफ करके इस्तेमाल न करें ।

   ख. पेपर एयर फिल्टर को एयर क्लीनर केस में पुन:स्थापित करें ।




5. एयर क्लीनर कवर को पुन: स्थापित करें और क्लिप्स को लॉक करें ।
   सुनिश्चित करें की कवर सही ढंग से और कस कर लगें हैं । ध्यान रखें की एयर क्लीनर कवर और एयर क्लीनर केस में गेप नहीं है ।

6. बायां रख-रखाव कवर को बंद करें ।

**ध्यान रखें**


बिना एयर फिल्टर या खराब एयर फिल्टर से चलाने से गंद इंजन में चला जाएगा जो इंजन को जल्दी घिस देगा ।

## एयर फिल्टर की सफाई

गंदा एयर फिल्टर कारबोरेटर में हवा के प्रवाह को रोकता है, जो इंजन की कार्यक्षमता को घटाता है। अगर आप जेनरेटर को धूल भरे क्षेत्रों में चलाते हैं तो फोम एयर फिल्टर की सफाई अधिक बार करनी चाहिये ।

1. फोम एयर फिल्टर को हल्के गरम साबुन वाले पानी में धो कर अच्छी तरह से सुखा लें या अज्वलशील द्रव्य (साल्वेंट) से धो कर और सुखा कर प्रयोग करें ।

2. फोम एयर फिल्टर को साफ इंजन ऑयल में डुबा कर निचोड़ लें । अगर अधिक ऑयल रह जाएगा तो इंजन से धुंआ ज़्यादा निकलेगा ।




3. एयर क्लीनर केस से गंद को हल्के गीले कपड़े से साफ करें, ध्यान रखें की गंद एयर डक्ट के जरिये कारबोरेटर में न चली जाए ।

# जेनरेटर की सर्विस

## स्पार्क प्लग सर्विस

**सिफारिश किए स्पार्क प्लग :** बीपीआर6ईएस (एनजीके)


**ध्यान रखें**

एक गलत स्पार्क प्लग इंजन को नुकसान पहुँचा सकता है ।

1. पिछले रख-रखाव कवर को खोलें ।

2. स्पार्क प्लग कैप को हटायें और स्पार्क प्लग के आस पास से गंद साफ करें ।


3. स्पार्क प्लग रैंच की सहायता से स्पार्क प्लग खोलें ।




4. स्पार्क प्लग को जाँचे । अगर इलेक्ट्रोड घिसा हुआ है या इन्सुलेटर फटा है तो बदलें ।

5. स्पार्क प्लग इलेक्ट्रोड को फीलर गेज से नापें । अगर गैप ठीक नहीं है तो इलेक्ट्रोड दबा कर गैप ठीक करें ।

   गैप इतना होना चाहिये:
   0.7 – 0.8 मि मी




6. सुनिश्चित करें की स्पार्क प्लग की सीलिंग वाशर अच्छी हालत में हैं और स्पार्क प्लग को हाथ से कसें, जिससे कि उसकी चूड़ियां खराब न हो ।

7. स्पार्क प्लग को यथास्थान बिठा कर स्पार्क प्लग रैंच से कसें ।

पुराने स्पार्क प्लग को दुबारा लगाने के लिए यथास्थान बिठाने के बाद 1/8 – 1/4 टर्न घुमायें ।
नया स्पार्क प्लग लगाने के लिए यथास्थान बिठाने के बाद 1/2 टर्न घुमायें ।

**ध्यान रखें**

ढीला स्पार्क प्लग इंजन को गरम और नुकसान पहुँचा सकता है । ज़्यादा कसने से स्पार्क प्लग सिलेंडर हेड की चूड़ीयाँ खराब कर सकता है ।

8. स्पार्क प्लग कैप को लगा दें ।

9. पिछले रख-रखाव कवर को बंद करें ।

# जेनरेटर की सर्विस

## **बैटरी सर्विस** (केवल EX2400S)

आपके जेनरेटर के इंजन की चार्ज प्रणाली जेनरेटर के प्रयोग के समय बैटरी को चार्ज करता है । अगर आपका जेनरेटर कभी-कभी या कम चलता है तो बैटरी को लम्बे समय तक चलाने के लिए बैटरी को महीने में एक बार जरुर चार्ज करें ।

**⚠ चेतावनी**

बैटरी में सल्फ्यूरिक एसिड (इलेक्ट्रोलाइट) जो की बेहद संक्षारक और जहरीली है । अगर इलेक्ट्रोलाइट आपकी आँखों या त्वचा के संपर्क में आ जाता है तो आप जल सकते हैं ।

हमेशा बैटरी के नज़दीक काम करते वक्त सुरक्षात्मक कपड़े एवं नेत्र सुरक्षा का इस्तेमाल करें ।
बच्चों को बैटरी से दूर रखें ।

**आपातकाल प्रक्रियाएं**

**आँखें** – किसी कप या अन्य कंटेनर में से पानी ले कर कम से कम पंद्रह मिनट तक आँखें धोएं । (पानी के उच्च दाब से आँखों को नुकसान हो सकता है।) तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें ।


**त्वचा** – एसिड से भीगे हुये कपड़े निकालें । पानी की बड़ी मात्रा के साथ त्वचा को धोएं । तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें ।

**निगलना** – पानी या दूध पियो । तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें ।

## बैटरी निकालना

**चेतावनी** - बैटरी पोस्ट, टर्मिनलों, और संबधित उपकरणों में लेड एवं लेड कम्पाउंड होते हैं । काम करने के बाद हाथ धो लें ।

1. दाहिने रख-रखाव कवर को खोलें ।
2. निगेटिव (–) तार को बैटरी के निगेटिव (–) टर्मिनल से अलग करें, और फिर पॉज़िटिव (+) तार को बैटरी के पॉज़िटिव (+) टर्मिनल से अलग करें
3. जेनरेटर के नीचे हुक से बैटरी स्ट्रैप को खोलें ।
4. बैटरी को निकालें ।



# जेनरेटर की सर्विस

## बैटरी चार्ज करना

**⚠ चेतावनी**

बैटरी से सामान्य उपयोग के दौरान विस्फोटक हाइड्रोजन गैस निकलती है ।
एक चिंगारी या लौ से आपकी बैटरी में विस्फोट हो सकता है जिससे आपको गंभीर चोट का लगना या मृत्यु का कारण बन सकता है ।

हमेशा बैटरी रख-रखाव करते वक्त सुरक्षात्मक कपड़े एवं चेहरे की ढाल या यह कार्य किसी प्रशिक्षित मैकेनिक द्वारा करवाना चाहिए ।

बैटरी 14.0 Ah (ऍम्पियर-ऑवर) में रेटेड है । चार्ज करने के लिए करंट बैटरी की ऍम्पियर-ऑवर की रेटिंग का 10% के बराबर होना चाहिए । बैटरी चार्जर जो कि 1.4 amps अत्याधिक करंट देने के लिए सक्षम हो, प्रयोग किया जाना चाहिए ।

1. बैटरी चार्जर को जोड़ने के लिए निर्माता के निर्देशों का पालन करें ।
2. बैटरी को 5 से 10 घंटे तक चार्ज करें ।
3. बेकिंग सोडा और पानी के घोल से बैटरी कम्पार्टमेंट और बैटरी के डिब्बे को बाहर से साफ करें ।

## बैटरी स्थापना


1. जेनरेटर में बैटरी स्थापित करें ।
2. पहले पॉज़िटिव (+) तार को बैटरी के पॉज़िटिव (+) टर्मिनल से जोड़ें, और सुरक्षित रुप से बोल्ट कसें ।
3. बैटरी बूट को पॉज़िटिव (+) तार और टर्मिनल पर चडाएं ।
4. अब निगेटिव (–) तार को बैटरी के निगेटिव (–) टर्मिनल से जोड़ें, और सुरक्षित रुप से बोल्ट कसें ।
5. बैटरी स्ट्रैप को स्थापित करें ।
6. दाहिने रख-रखाव कवर को बंद करें (देखें पृष्ठ 16) ।
   रख-रखाव कवर के खुलें होने पर कभी भी जेनरेटर का प्रयोग न करें, इससे इंजन या जेनरेटर की कार्यक्षमता पर असर पढ़ेगा ।

## फ्यूज ( केवल EX2400S)

अगर फ्यूज उड़ गया है तो स्टार्टर मोटर काम नहीं करेगी ।

जेनरेटर शुरू करने से पहले, फ्यूज उड़ जाने की स्थिति में विफलता के कारण का पता लगाए और पहले इसे ठीक करें । अगर फ्यूज बार बार उड़ रहा है तो जेनरेटर का प्रयोग न करें, और होण्डा के अधिकृत डीलर से संपर्क करें ।

1. इंजन स्विच को 'ऑफ' पोज़िशन में करें और फ्यूज को बदलने या जाँचने के लिए पहले चाबी को निकालें ।
2. दाहिने रख-रखाव कवर को खोलें ।
3. फ्यूज होल्डर कवर को निकालें और फ्यूज बाहर खीचें ।




4. फ्यूज को बदलें, उसी प्रकार और रेटिंग के फ्यूज के साथ ।
   निर्दिष्ट फ्यूज : 5 ऍम्पियर

**ध्यान रखें**

कभी भी फ्यूज अलग प्रकार और रेटिंग का इस्तेमाल न करें । इससे विद्युत प्रणाली को गंभीर नुकसान या आग भी लग सकती है ।

5. फ्यूज होल्डर कवर को स्थापित करें ।
6. दाहिने रख-रखाव कवर को बंद करें ।

   रख-रखाव कवर के खुलें होने पर कभी भी जेनरेटर का प्रयोग न करें, इससे इंजन या जेनरेटर की कार्यक्षमता पर असर पढ़ेगा ।

# भंडारण

## भंडारण की तैयारी

उचित भंडारण की तैयारी आपके जेनरेटर को त्रुटि मुक्त और निम्नलिखित बातें जंग से जेनरेटर की दिखावट और कार्य में खराबी रोकने में मदद करेगी, और जब भी आप जेनरेटर उपयोग करेंगे तो आसानी से चालू होगा ।

### साफ करें

जेनरेटर को हल्के गीले कपड़े से साफ करें । जब जेनरेटर सूख जाऐ, और अगर रंग खराब हुआ है तो टच अप करें, और जहाँ दूसरे जगह पर जंग लगा है वहां पर जंग रोधक ऑयल लगाऐं ।

### फ्यूल

**ध्यान रखें**

आप जिस क्षेत्र में अपना जेनरेटर इस्तेमाल कर रहें हैं, वहाँ इंधन खराब और ऑक्सीडाइस्ड होना संभावित है । इंजन में इंधन 30 दिन के अन्दर ही खराब हो जाता है और कारबोरेटर और फ्यूल प्रणाली को नुकसान पहुँचा सकता है । स्थानीय भंडारण की सिफारिशों के लिए सर्विसिंग डीलर से संर्पक करें ।

भंडारण से पेट्रोल का खराब होना और ऑक्सीडाइस्ड होना संभावित है ।
पुराने पेट्रोल से इंजन चालू करने में परेशानी आएगी और फ्यूल प्रणाली में गम जमा होने से रूकावट पैदा होगी, अगर ऐसा होता है तो कारबोरेटर और फ्यूल प्रणाली को साफ़ करना या बदलना पढ़ेगा ।

समय की अवधि जिसमें फ्यूल टैंक में रखा हुआ पेट्रोल कारबोरेटर को खराब ना करें यह कई कारणों पर निर्भर करता है जैसे कि पेट्रोल का मिश्रण, भंडारण की जगह का तापमान, और फ्यूल टैंक को आंशिक रूप से या पूरी तरह से भरा है । आधे भरे हुए टैंक में हवा से पेट्रोल शीघ्र खराब हो जाता है । जेनरेटर को गरम स्थान पर रखने से भी पेट्रोल शीघ्र खराब हो जाता है । फ्यूल टैंक में रखा हुआ इंधन खराब होना, ३० दिन के बाद या उससे पहले भी हो सकता है, जो आपके क्षेत्र में मिलने वाले इंधन के मिश्रण पर निर्भर करता है ।

## भंडारण प्रक्रिया

1. फ्यूल टैंक और कारबोरेटर को ड्रेन करें ।

**⚠ चेतावनी**


पेट्रोल अत्याधिक ज्वलनशील और विस्फोटक है ।

पेट्रोल भरते समय आप जल सकते हैं या आपको गंभीर चोट लग सकती है ।

- इंजन बंद करें, और गर्मी, चिंगारी या लौ से दूर रखें ।
- इंधन को बाहर खुली जगह पर ही भरें ।
- फैले हुए इंधन को तुरंत साफ करें ।

क. फ्यूल टैंक कैप को ढीला करें और फ्यूल फिल्टर को निकालें ।

ख. पेट्रोल को फ्यूल टैंक से कंटेनर में निकालें । हम व्यावसायिक रुप से उपलब्ध पेट्रोल हाथ पंप के ही प्रयोग की सिफारिश करते हैं । कभी भी इलेक्ट्रिक पंप का उपयोग न करें ।





ग. इंधन फिल्टर और इंधन टैंक कैप को पुन:स्थापित करें ।

घ. पीछे के रख-रखाव कवर को खोलें (देखें पृष्ठ 16) ।

ङ. कारबोरेटर ड्रेन हो्स के नीचे एक उपयुक्त कंटेनर रखें ।

च. फ्यूल वाल्व नॉब को 'ऑन' पोजिशन में घुमाइये (देखें पृष्ठ 22) ।

छ. कारबोरेटर ड्रेन पेंच को ढीला करके कारबोरेटर में से पेट्रोल एक उपयुक्त कंटेनर में निकालें।




ज. सारा पेट्रोल एक उपयुक्त कंटेनर में निकालने के बाद ड्रेन पेंच को कस दें ।

झ. फ्यूल वाल्व नॉब को 'ऑफ' पोजिशन में घुमाइये (देखें पृष्ठ 25) ।

2. इंजन ऑयल को बदलें (देखें पृष्ठ 36) ।
3. स्पार्क प्लग को निकालें (देखें पृष्ठ 42) ।
4. इंजन में एक चम्मच साफ इंजन ऑयल (5 सेमी$^3$) सिलेंडर में डालें ।
5. स्टार्टर रोप को कई बार खीचें जिससे की ऑयल सिलेंडर में फैल जाऐ ।
6. स्पार्क प्लग को दुबारा लगायें ।
7. पीछले रख-रखाव कवर को बंद करें (देखें पृष्ठ 16) ।
8. हल्के से स्टार्टर ग्रिप को खीचें जब तक खिचाव महसूस न हो, इससे पिस्टन कौमप्रेशन स्ट्रोक पर आ जाता है और इनलेट एवं एग्जॉस्ट वाल्व बंद हो जाते हैं । इस स्थिति में जेनरेटर रखने से अन्दर ही अन्दर जंग नहीं लगेगा । स्टार्टर ग्रिप को धीरे धीरे लौटने दें ।
9. केवल EX2400S : जेनरेटर भंडारण से पहले बैटरी चार्ज करें (देखें पृष्ठ 46) ।

## भंडारण सावधानियाँ

भंडारण करते वक्त अगर फ्यूल टैंक और कारबोरेटर में पेट्रोल है तो यह पेट्रोल भॉप की प्रज्वलन के ज़ोखिम को कम करना महत्वपूर्ण है ।

भंडारण के वक्त जेनरेटर हवादार जगह पर रखें, जहाँ पर आग से चलने वाले उपकरण, फर्नेस, वाटर हीटर, इत्यादि न हो ।

भंडारण करते वक्त जेनरेटर अधिक आर्द्रता वाली जगह पर न रखें नहीं तो जंग लग जाएगा ।

फ्यूल टैंक से पूरा इंधन निकालने के बाद लीकेज न होने के लिए फ्यूल वाल्व को 'ऑफ' की पोजिशन में करें ।

जेनरेटर को समतल स्थान पर रखें । टेढ़ा होने से इंधन या ऑयल गिर सकता है ।

इंजन और निकास प्रणाली जब ठंडी हो जाए तो जेनरेटर को ढक दें जिससे की धूल-मिट्टी से बचाव हो सके। गरम इंजन और निकास प्रणाली से आग लग सकती है या किसी समान को पिघला सकती है ।

धूल से बचाव के लिए प्लास्टिक शीट उपयोग न करें । इससे नमी अन्दर ही रह जाती है जो की जंग लगने को बढ़ावा देती है ।

केवल EX2400S : बैटरी को पूरा चार्ज करें । बैटरी को महीने में एक बार जरूर चार्ज करें (देखें पृष्ठ 46)।

## भंडारण से हटाने

जेनरेटर को जाँचे जैसा की इस पुस्तिका के अध्याय **प्रयोग से पहले** में दिया गया है (देखें पृष्ठ 19)।

अगर आपने भंडारण के समय पेट्रोल निकाल दिया है तो टैंक में नया और साफ पेट्रोल ही भरें । अगर आप डिब्बे में पेट्रोल रख रहें हैं तो उसमें साफ पेट्रोल हो । ज्यादा समय रखने से पेट्रोल खराब हो जाता है और शुरू होने में परेशानी होगी ।

अगर आपने भंडारण के समय सिलेंडर की ऑयल से कोटिंग करी है तो इंजन चालू करते समय थोड़ा धुआँ निकलेगा जो की सामान्य बात है ।

# परिवहन

## परिवहन से पहले

1. सुनिश्चित करें की इंजन स्विच, और फ्यूल वाल्व 'ऑफ' है (देखें पृष्ठ 25) ।
2. फ्यूल टैंक से सारा पेट्रोल निकालें और फ्यूल टैंक कैप बंद करें (देखें पृष्ठ 49) ।

**⚠ चेतावनी**

पेट्रोल अत्याधिक ज्वलनशील और विस्फोटक है ।

पेट्रोल भरते समय आप जल सकते हैं या आपको गंभीर चोट लग सकती है ।

- इंजन बंद करें, और गर्मी, चिंगारी या लौ से दूर रखें ।
- इंधन को बाहर खुली जगह पर ही भरें ।
- फैले हुए इंधन को तुरंत साफ करें ।

## जेनरेटर को परिवहन करते समय

अगर जेनरेटर चल रहा था तो जेनरेटर को ठंडा होने पर ही गाड़ी पर चढ़ाऐं । गरम इंजन से आप या कोई समान जल सकता है ।

इंधन से भरे हुए जेनरेटर को गाड़ी में न चढ़ाऐं । हिलने से इंधन लीक हो सकता है ।

परिवहन करते समय सुनिश्चित करें की इंजन स्विच, और फ्यूल वाल्व 'आफ' है और देखें की जेनरेटर समतल स्तर पर रखा हुआ है ।

परिवहन करते समय सीधी सूर्य की रोशनी में जेनरेटर न रखें । अगर जेनरेटर बंद गाड़ी के अन्दर अधिक घंटो के लिए रहता है तो अधिक तापमान की वजह से धमाका भी हो सकता है ।


जेनरेटर परिवहन करते समय खराब सड़क पर अधिक समय तक गाड़ी न चलायें ।

## जेनरेटर को ट्रक में परिवहन करते समय

जेनरेटर को ट्रक में परिवहन करते समय ऐसी जगह रखें जहाँ से वो गिर न सके, हिले डुले नहीं और उसे रस्सी से या स्ट्रैप से बाँध दें ।

सुनिश्चित करें की डट्टा सठीक व्हील होल में है (देखें पृष्ठ 17) ।

जेनरेटर को ट्रक में परिवहन करते समय उसे रस्सी से या स्ट्रैप से बाँधंते समय सुरक्षात्मक कपड़ा डालकर फ्रेम हैंडल बार के साथ ही बाँधें ।
रस्सी या स्ट्रैप को जेनरेटर की बौडी के किसी और भाग से न बाँधें ।



# अप्रत्याशित समस्याओं की देखभाल

इंजन की समस्याएं

## इंजन चालू नहीं होता

| संभावित कारण | ठीक करना |
|---|---|
| फ्यूल वाल्व ऑफ । | फ्यूल वाल्व लीवर नॉब कीजिये (देखें पृष्ठ 13)। |
| चोक खुली है । | जब तक इंजन गरम न हो जाऐ तब तक चोक नॉब बंद पोजिशन पर रखें (देखें पृष्ठ 13) । |
| इंजन स्विच ऑफ है । | इंजन स्विच ऑन कीजिये (देखें पृष्ठ 14) । |
| पेट्रोल नहीं है । | पेट्रोल भरें (देखें पृष्ठ 33) । |
| गंदा पेट्रोल है : जेनरेटर के भंडारण के वक्त बिना शोधन या बिना पेट्रोल खाली किए या गंदा पेट्रोल डाला है । | फ्यूल टैंक और कारबोरेटर में से गंदा पेट्रोल निकालें (देखें पृष्ठ 49) । फिर नया और साफ पेट्रोल भरें (देखें पृष्ठ 33) । |
| ऑयल एर्लट कम ऑयल की वजह से जेनरेटर को बंद कर देता है । | ऑयल डालें (देखें पृष्ठ 35) । दुबारा इंजन चलायें । |
| स्पार्क प्लग खराब, गंदा, या अनुचित गैप है । | गैप ठीक करें या स्पार्क प्लग बदलें (देखें पृष्ठ 42) । |
| स्पार्क प्लग में तेंल आया हुआ है । | स्पार्क प्लग को सुखा कर दुबारा लगायें । |
| फ्यूल फिल्टर में रूकावट, कारबोरेटर में खराबी, इग्निशन में खराबी, अटका वाल्व आदी । | जेनरेटर को अधिकृत होण्डा के डीलर के पास ले जाऐं या शॉप मैन्युअल को पढ़ें । |

इंजन मे शक्ति का अभाव

| संभावित कारण | ठीक करना |
|---|---|
| एयर फिल्टर रूकावट डाल रहा है । | एयर फिल्टर साफ करें या बदलें (देखें पृष्ठ 39 से 41) । |
| गंदा पेट्रोल है : जेनरेटर के भंडारण के वक्त बिना पेट्रोल खाली किए या गंदा पेट्रोल भरा है । | फ्यूल टैंक और कारबोरेटर में से गंदा पेट्रोल निकालें (देखें पृष्ठ 49) । फिर नया और साफ पेट्रोल भरें (देखें पृष्ठ 33) । |
| फ्यूल फिल्टर में रूकावट, कारबोरेटर में खराबी, इग्निशन में खराबी, अटका वाल्व आदी । | जेनरेटर को अधिकृत होण्डा के डीलर के पास ले जाऐं या शॉप मैन्युअल को पढ़ें । |


## जेनरेटर की समस्याएं

### एसी सॉकेट में बिजली नहीं

| संभावित कारण | ठीक करना |
|---|---|
| एसी सर्किट प्रोटेक्टर बंद हो गया है । | एसी लोड को जाँचें और सर्किट प्रोटेक्टर रीसेट करें (देखें पृष्ठ 15) । |
| खराब पॉवर औज़ार या उपकरण । | खराब पॉवर औज़ार या उपकरण को ठीक करें या बदलें ।<br>इंजन को बंद करके दुबारा चलायें । |
| जेनरेटर खराब है । | जेनरेटर को अधिकृत होण्डा के डीलर के पास ले जाऐं या शॉप मैन्युअल को पढ़ें । |

# तकनीकी जानकारी

## क्रम संख्या स्थान



## उच्च ऊंचाई पर प्रयोग के लिए कारबोरेटर में संशोधन

उच्च ऊंचाई में कारबोरेटर में हवा और इंधन मिश्रण की मानक क्षमता अधिक हो जाती है इसलिए इंजन की कार्यक्षमता कम हो जायेगी और फ्यूल की खपत अधिक हो जायेगी । अधिक गाढ़ा मिश्रण स्पार्क प्लग को खराब करेगा जो इंजन चालू करने में परेशानी का कारण होगा । यह इंजन सामान्य ऊंचाई पर उत्सर्जन के लिए प्रमाणित किया गया है, लेकिन अधिक ऊंचाई पर विस्तारित अवधि के लिए इस्तेमाल से उत्सर्जन में वृद्धि हो सकती है ।

उच्च ऊंचाई में कारबोरेटर की क्षमता सामान्य करने के लिए कुछ बदलाव किये जा सकते हैं । अगर आप जेनरेटर हमेशा 1500 मीटर की ऊंचाई से उपर पर चलातें हैं तो कारबोरेटर में बदलाव के लिए आपको अधिकृत होण्डा डीलर के पास जाना होगा ।

कारबोरेटर में बदलाव की वजह से इंजन की हार्स पॉवर भी 3.5% हर 300 मीटर ऊंचाई पर जाते हुऐ कम हो जाती है । अगर कारबोरेटर में बदलाव नहीं करते तो हार्स पॉवर में अधिक बदलाव होगा ।

**ध्यान रखें**

उच्च ऊंचाई के अनुसार कारबोरेटर में बदलाव के बाद हवा और इंधन मिश्रण कम ऊंचाई के लिए कम हो जायेगा । अगर आप कारबोरेटर में बदलाव वाले जेनरेटर को 1500 मीटर से कम ऊंचाई पर चलातें हैं तो इंजन गरम या उसे गंभीर नुकसान हो सकता है ।
कम ऊंचाई पर उपयोग करने के लिए आपको जेनरेटर को अधिकृत होण्डा डीलर के पास ले जाना होगा।

# तकनीकी जानकारी

## विशिष्टताएं

आयाम

| मॉडल | EX2400 | EX2400S |
|---|---|---|
| कोड विवरण | ई ई एल डी | ई ई एम डी |
| लम्बाई | 985 मि मी | |
| चैड़ाई | 471 मि मी | |
| उंचाई | 722 मि मी | |
| वजन (सूखा) | 84.4 कि.ग्रा. | 91.8 कि.ग्रा. |

इंजन

| मॉडल | जीएक्स 160डी |
|---|---|
| इंजन टाईप | 4 स्ट्रोक, ओवरहैड वाल्व, सिंगल सिलेंडर |
| डिस्प्लेसमेंट | 163 सेमी$^3$ |
| (बोर X स्ट्रोक) | 68.0 X 45.0 मि मी |
| कूलिंग प्रणाली | फोर्स्ड एयर |
| इग्निशन प्रणाली | ट्रांसिस्टराइस्ड मैग्नेटो इग्निशन |
| इंजन ऑयल क्षमता | 0.58 ली. |
| फ्यूल टैंक क्षमता | 9.4 ली. |
| स्पार्क प्लग | बीपीआर6ईएस (एनजीके) |

जेनरेटर

| मॉडल | | EX2400 | EX2400S |
|---|---|---|---|
| एसी आउटपुट | रेटेड वोल्टेज | 230 वोल्ट | |
| | रेटेड फ्रीक्वेन्सी | 50 हर्ट्ज़ | |
| | रेटेड ऍम्पियर | 7.8 ऍम्पियर | |
| | रेटेड आउटपुट | 1.8 केवीए | |
| | अधिकतम आउटपुट | 2.1 केवीए | |

जेनरेटर में दी गई विशिष्टताएं में अंतर या बदलाव बिना किसी को सूचित किये हो सकता है ।

# वारण्टी पॉलिसी

## 1. प्रस्तावना

वारण्टी एक उत्कृष्ट उत्पाद के संबंध में उपभोक्ता को दिया जाने वाला एक आश्वासन है । होण्डा इस बात की वारण्टी देता है कि इसके सभी जेनरेटर मॉडल किसी भी प्रकार की निर्माण संबंधी त्रुटि रहित है । अतः खराबी आने पर कम्पनी द्वारा रखे गये मान दण्डों के अनुसार, होण्डा का अधिकृत डीलर (डीलर के वर्कशॉप में) बगैर किसी मूल्य के जेनरेटर के किसी भी हिस्से की मरम्मत करेगा या उसे बदल देगा । इस संबंध में कम्पनी का निर्णय अंतिम और मान्य होगा ।

## 2. वारण्टी अवधि

### जेनरेटर

- ग्राहक द्वारा खरीद की तारीख से एक वर्ष तक अगर गैर वाणिज्यिक उपयोग के लिए इस्तेमाल हो तो ।
- ग्राहक द्वारा खरीद की तारीख से एक वर्ष तक अगर वाणिज्यिक उपयोग अथवा किराये पर उपयोग के लिए इस्तेमाल हो तो ।

### बैटरी ( मालिकाना भाग )

- ग्राहक द्वारा खरीद की तारीख से छः महीने तक ।
- वारण्टी का अंतिम निर्णय का अधिकार केवल EXIDE/अधिकृत EXIDE डीलर का मान्य होगा।

## 3. वारण्टी अनुबन्ध

- किसी भी अधिकृत डीलर के पास बिना कोई मूल्य दिये खराब हिस्से (हिस्सों) की मरम्मत अथवा उनका बदलाव बशर्ते की यह दोष उपकरण की किसी खराब वस्तु की वजह से या घटिया कारीगरी की वजह से हो ।

## 4. वारण्टी सेवा

- वारण्टी सेवा प्राप्त करने के लिए उपभोक्ता को अपने ज़ोखिम और खर्चे पर सम्पूर्ण जेनरेटर को किसी भी अधिकृत डीलर / सर्विस पॉइंट के पास ले जाना जरूरी है ।

## 5. शर्ते

(क) वारण्टी योग्यता के लिए होण्डा जेनरेटर होण्डा के अधिकृत डीलर द्वारा स्थापित, एवं सर्विस किया जाना चाहिए ।

(ख) इस वारण्टी और फ्री सर्विस कूपन बुकलेट की प्रस्तुति ।

(ग) वारण्टी के अन्तर्गत शामिल नहीं है :

1. साधारण/प्राकृतिक घिसना और खराबी, समय के साथ पेन्ट की खराबी या दिखावट में अंतर ।
2. अवैध रूप से किये गये परिवर्तन या मरम्मत के परिणाम स्वरूप आयी खराबियाँ ।
3. निर्धारित समय के भीतर निः शुल्क सेवा का लाभ न उठाने के परिणामस्वरुप आयी खराबियाँ ।
4. रबड़ वाले पुर्ज़े, हार्डवेयर की वस्तुएं जैसे नट और बोल्ट, फिल्टर, बिजली की तारें, स्पार्क प्लग, गेस्केट, स्टार्टर रोप, ऑयल और पेट्रोल ।
5. सेट के दुरूपयोग, परिचालन संबंधी दोष, असावधानी, असामान्य रूप से उपयोग करने, अपर्याप्त देखभाल करने, ओवर लोडिंग, किसी भी बाहरी स्रोत से आग लगने या दुर्घटना होने, चोरी, रसायन गिरना, पत्थर कतरण से, औद्योगिक प्रदूषण एवं परिवहन के परिणाम स्वरूप होने वाली क्षतियाँ या खराबियाँ ।
6. अनुपयुक्त या मिलावटी इंजन ऑयल और फ्यूल के प्रयोग से आयी खराबी । इंजन ऑयल और इंधन के मिश्रण के प्रयोग से उत्पन्न खराबी ।
7. आम बातें जैसे आवाज और कंपन पैदा होना ।
8. आनुषंगिक या परिणामी क्षतियाँ जैसे असुविधा होना, वाणिज्यिक हानि, समय की हानि एवं मानसिक पीड़ा आदि ।
9. सामान्य रख-रखाव सेवा में लगे लेबर चार्ज एवं पुर्ज़े ।
10. नकली स्पेयर पुर्जो के प्रयोग से उत्पन्न खराबियाँ ।

टिप्पणी : सभी विवाद केवल दिल्ली न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन हैं ।

# संस्थापन और मुफ्त सेवा

## 1. संस्थापन पूर्व जाँच (पी. आई. सी.)

- होण्डा के डीलर द्वारा जेनरेटर सेट की संस्थापन पूर्व जाँच सेवा प्रदान की जाती है ताकि आप खराबी मुक्त जेनरेटर प्रयोग का आनंद से सकें ।
- पी. आई. सी. कूपन इसके साथ संलग्न हैं ।

## 2. आवर्ती रख–रखाव सेवा

- जेनरेटर सेट के गड़बडी रहित चलते रहने के लिए ग्राहक पुस्तिका में दी गयी रख–रखाव संबंधी समय–सारणी के मुताबिक सेट की आवर्ती रख–रखाव जरूरी है ।

## 3. मुफ्त सेवा

- तीन मुफ्त सेवा कूपन संलग्न है ।
- उपभोक्ता से अनुरोध है कि वह मुफ्त सेवा प्राप्त करने हेतु जेनरेटर सेट को इस पुस्तिका सहित किसी अधिकृत डीलर/सर्विस पॉइंट के पास ले जाये ।
- किसी भी अधिकृत डीलर/सर्विस पॉइंट से मुफ्त सेवा प्राप्त की जा सकती है ।
- यह भेट केवल मुफ्त सर्विस के लिए निचे दिए समय–सारिणी के अनुसार ही वैध होगी ।

| सेवा का प्रकार | समय सारणी (पी.आई.सी. की तिथि से) | | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|
| | दिन | संचयी परिचालन घंटे | |
| प्रथम सर्विस | 30 | 20 | लेबर चार्ज मुफ्त है परन्तु ऑयल एवं कन्स्यूमेबल चार्ज देय है । |
| द्वितीय सर्विस | 90 | 50 | |
| तृतिय सर्विस | 180 | 100 | |

# होण्डा सीएल पॉवर प्रोडक्ट्स लिमिटेड

मुख्य कार्यालयः प्लॉट न. ५, सैक्टर–४१, कासना, ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रीयल डेवलपमेन्ट एरिया, जि. गौतम बुद्ध नगर – २०१ ३१०, उत्तर प्रदेश
फोन : ०१२०–२३४१०५० – ५९ फैक्स : ०१२०–२३४१०७८ – ७९

## एरिया ऑफिस सूची

### अहमदाबाद
ए-९०४, सिद्धि विनायक टॉवर,
डी.सी.पी. ऑफिस के पीछे,
ऑफ एस.जी. हाईवे, मकरबा,
अहमदाबाद – ३८० ०५१, गुजरात
फोन : ०७९-४८०००७३०, ९९७८९१२९८६
फैक्स : ०७९-२९७००१२१
ई–मेल : ao.ahm@hspp.com

### बेंगलुरू
डी०७, ७वीं मंजिल, "सोलस" स्टॉक एक्सचेंज
के सामने, ऑफ जे सी रोड,
बेंगलुरू – ५६० ००२, कर्नाटक
फोन : ०८०–२२२१७१५२, २२२१७१७२
ई–मेल : ao.blr@hspp.com

### भोपाल
१०, सारनाथ कॉम्प्लेक्स, द्वितीय मंजिल,
एम.पी. बोर्ड ऑफिस के सामने,
लिंक रोड न.१, शिवाजी नगर,
भोपाल – ४६२ ०१६, मध्य प्रदेश
फोन : ०७५५–४२५८५१५, ४२५८५३८
फैक्स : ०७५५–४२५८५३८
ई–मेल : ao.bho@hspp.com

### भुवनेश्वर
प्लॉट नं. ६२–६३, यूनिट ६, गंगा नगर,
भुवनेश्वर – ७५१ ००१, ओडिशा
फोन : ०६७४–२३९७३५२, २३९७४७७
ई–मेल : ao.bhu@hspp.com

### pMhx<
एनएच–२१, नजदीक पुरानी ऑक्ट्राय,
अम्बाला – चंडीगढ़ रोड, पभात, जीरकपुर,
जि.एस.ऐ.एस. नगर – १४० ६०३, पंजाब
फोन : ०१७६२–५३११०९
ई–मेल : ao.chd@hspp.com

### चैन्नई
पुरानी संख्या ७९, नयी संख्या १३ की पहली मंजिल,
कोन्दामनी फ्लैट्स, भास्कर कॉलोनी,
विरुगमबक्कम, चेन्नई – ६०० ०९२, तमिलनाडु
फोन : ०४४–२३७६७०९१, २३७६७०९२
फैक्स : ०४४–२३७६७०९३
ई–मेल : ao.mad@hspp.com

### कोचिन
दरवाजा नं. ४४/२२१४ डी३, द्वितीय मंजिल,
होली ट्यूस्डे शॉपिंग मॉल,
कल्लूर, कोचि – ६८२ ०१७, केरल
फोन : ०४८४–२५३७७५३, २५३७७६३
ई–मेल : ao.coch@hspp.com

### दिल्ली
प्लॉट न.५, सैक्टर–४१, कासना,
ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रीयल डेवलपमेन्ट एरिया,
जि. गौतम बुद्ध नगर – २०१ ३१०, उत्तर प्रदेश
फोन : ०१२०–२५९०२४४
फैक्स : ०१२०–२३४१०७८, २३४१०७९
ई–मेल : ho.mktg@hspp.com

### गौहाटी
प्रदीप बर्मन का घर
वुडलैण्ड बाई लेन,
डी.जी.पी. ऑफिस के सामने
डॉ. बी.के.काकोति रोड, उलुबारी,
गौहाटी – ७८१ ००७, असम
फोन : ०३६१–२५२५६२९, २४५०५९५
ई–मेल : ao.guw@hspp.com

### हैदराबाद
दरवाजा सं० १–८–३२/६४, प्लॉट सं० ६४,
जी. वाई. आर प्लाज़ा, द्वितीय मंजिल,
बापू बाग कॉलोनी, पी. जी. रोड,
सिकंदराबाद–५०० ००३, तेलंगाना
फोन : ०४०–२७८०३४४९/२७८०३४५०
ई–मेल : ao.hyd@hspp.com

### जयपुर
एस–४७, रोड नं.१, विकास पथ,
गीजगढ़ विहार, हवा सड़क,
जयपुर–३०२ ००६, राजस्थान
फोन : ०१४१–२२११७५०
ई–मेल : ao.jpur@hspp.com

### जम्मू
प्लॉट नं. ५०, यार्ड नं. ६
नज़दीक एस.आर.टी.सी. यार्ड,
ट्रांसपोर्ट नगर, नतवाल,
जम्मू, जे एण्ड के
फोन : ०१९१–२४६००५८
ई–मेल : ravi.tandon@hspp.com

### कोलकाता
छठी मंजिल, १५ एन नेली सेनगुप्ता
सरनि (लिंडसे स्ट्रीट)
नज़दीक न्यू मार्केट, घन्टाघर,
कोलकाता–७०० ०८७, पश्चिम बंगाल
फोन : ०३३–२२५२२७४४–२२५२२७४५
फैक्स : ०३३–२३६७४९४९
ई–मेल : ao.cal@hspp.com

### लखनऊ
८०, चंद्रलोक कॉलोनी, अलीगंज,
लखनऊ – २२६ ०२४, उत्तर प्रदेश
फोन : ०५२२–२३२१६३०, २३३०२१३
फैक्स : ०५२२–२३२१६३०
ई–मेल : ao.luk@hspp.com

### मुंबई
ए–२१२, द्वितीय मंजिल, सागर टेक प्लाजा,
साकीनाका, अन्धेरी (पूर्व),
मुम्बई – ४०० ०७२, महाराष्ट्र
फोन : ०२२–२८५११३४२, २८५१३८७४
फैक्स : ०२२–२८५१६८५४
ई–मेल : ao.mum@hspp.com

### पटना
मारफत जॉर्ज एंटरप्राइजेज, शालीमार कोल्ड
स्टोरेज नज़दीक पटना बाई–पास रोड,
अनिशाबाद, पटना–८०० ००२, बिहार
फोन : ०६१२–२२५८८०१, २२५८७८५
ई–मेल : ao.pat@hspp.com

### राँची
तीसरी मंजिल, श्री विष्णु इनोवा टॉवर,
गरीखाना चौंक, नज़दीक पी.एन.बी. बैंक,
हरमू रोड, किशोर गंज,
राँची – ८३४ ००१, झारखण्ड
फोन : ०६५१–२२१४२३०
ई–मेल : ao.ranchi@hspp.com

निपटान

पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रयुक्त जेनरेटर, बैटरी, इंजन ऑयल आदि को लापरवाही से अपशिष्ट में छोड़कर उनका निपटान न करें। इनका निपटान करने के लिए स्थानीय कानूनों व नियमों का निरिक्षण करें या अपने अधिकृत होण्डा जेनरेटर डीलर से परामर्श करें।

कृपया इस्तेमाल किए गए इंजन ऑयल को ऐसे तरीके से निपटान करें जो पर्यावरण के अनुकूल हो। हम आपको सुझाव देते हैं कि आप इसे सील बंद कंटेनर में संशोधन के लिए अपने स्थानिय सर्विस स्टेशन पर ले जाए। इसे कचरे में न फैंके और न ही जमीन पर बहायें।

एक अनुचित तरीके से निपटान की गई बैटरी पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकती है। हमेशा बैटरी निपटान के लिए स्थानीय नियमों की पुष्टि करें। प्रतिस्थापन के लिए अपने सर्विसिंग डीलर से संपर्क करें।

HONDA

**Honda Siel Power Products Limited**
Regd. Off.: 409, DLF Tower B,
Jasola Commercial Complex,
New Delhi -110 025.
CIN : L40103DL2004PLC203950
E-mail : ho.mgt@hspp.com
Website : www.hondasielpower.com
Tel. No. : 1800 11 2323

**To access information about Operations, Maintenance & Troubleshooting, please visit: www.hppsv.com/IND/ or scan**

4MZ38802
00X4M-Z38-8020

© Honda Siel Power Products Ltd. 2014

VV XXX.YYYY.MM
Printed in India